- सरकार ने पच्चीस जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है।
- विश्व जनसंख्या दिवस मनाए जाने के सिलसिले में द्वीपों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- एंटी–नारकोटिक्स पुलिस की टीम ने छः सौ पचपन ग्राम गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है।
- उद्योग विभाग सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण के लिए प्रधानमंत्री योजना–पीएम एफएमई को लागू कर रहा है।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

सरकार ने पच्चीस जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष उन्नीस सौ पचहत्तर में देश में आपातकाल लगाया था। इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दिवस उन घटनाओं का स्मरण कराएगा, जब भारत के संविधान को रौंदा गया था। श्री मोदी ने कहा कि यह दिन हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों को सहा था। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि जनता पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर की रात कभी नहीं भूल सकती, जब संविधान की हत्या की गई थी।

<><><><><><><>

विश्व जनसंख्या दिवस मनाए जाने के सिलसिले में स्वास्थ्य विभाग और केन्द्रशासित स्वास्थ्य मिशन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे द्वीपसमूह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ओग्राब्राज सामुदायिक हॉल में परिवार विकास मेले का आयोजन किया गया और इसमें पंचायत के सदस्यों के अलावा स्कूल विद्यार्थी, स्वयं सहायता समूह के सदस्य और आम जनता ने भाग लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें मीठाखाड़ी को पहला, नमूनाघर को दूसरा और कोलिनपुर को तीसरा स्थान मिला। परिवार कल्याण के उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने द्वीपों में परिवार कल्याण सेवाओं के बारे में जानकारी दी। पंचायत प्रधान मोहम्मद शफीक के अलावा कई अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजनाएं अपने इच्छित उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर रही हैं। नई दिल्ली में कल राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री नड्डा ने इन योजनाओं की समीक्षा की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि अब तक लगभग चौंतीस करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं और इनसे लगभग सात करोड़ से अधिक अस्पताल में प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई है।

<><><><><><><>

एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन की टीम ने छः सौ पचपन ग्राम गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर एस आई मोहम्मद राहिल इस्लाम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोलकाता से एयर इंडिया फ्लाइट से कल पोर्ट ब्लेयर पहुंची हटबे नम्बर बाईस की भागवती मिस्त्री नामक एक महिला को रोककर जांच की और उसके पास से गांजा बरामद हुआ। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस के तहत उसे गिरफ्तार किया गया और बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया। इस मामले में थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है। अंडमान निकोबार पुलिस ने लोगों से अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि पन्द्रह सितंबर है। नामांकन और अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **www.padamaawards.gov.in** पर की जा सकती है। पद्म पुरस्कारों के अंतर्गत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार आते हैं। यह पुरस्कार कला, साहित्य तथा शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न विषयों में विशिष्ट

और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाते है। इन पुरस्कारों से संबंधित नियम और कानून गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक नई शुरू की गई केन्द्र प्रायोजित योजना सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण के लिए प्रधानमंत्री योजना–पीएम एफएमई को लागू कर रहा है। इसका उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के उत्पादों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज, सामान्य बुनियादी ढांचे, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को मजबूत करना है। इस योजना के तहत व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को अनुदान और बीज पूंजी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना में एक ज़िला एक उत्पाद दृष्टिकोण अपनाया गया है। दक्षिण अंडमान ज़िले में समुद्री आधारित मछली उत्पाद और मध्योत्तर अंडमान तथा निकोबार ज़िले के लिए नारियल आधारित उत्पादों को शामिल किया गया है। योजना का लाभ उठाने तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया है। और जानकारी के लिए उद्योग निदेशालय या उद्योग विभाग की शाखाओं से कार्य दिवसों में फोन पर भी संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

उत्तरी अंडमान की राधानगर खाड़ी में फंसे एक लकड़ी की नौका को पुलिस की ओर से सहायता पहुंचाई गई है। इंजन में खराबी आने के कारण नौका फंस गई थी। पुलिस ने जलयान मालिकों और संचालकों से अपने जलयानों की नियमित रखरखाव करने का अनुरोध किया है, ताकि इस तरह की घटना से बचा जा सके।

उधर, अंडमान निकोबार कमान ने पिछले दिनों इंडियन–एशियाई टग को सहायता पहुंचाई है। ये टग ईंधन लेकर इंडोनेशिया के सभांग बंदरगाह से तुतिकोरिन के लिए रवाना हुआ था लेकिन खराब मौसम और कम रफ्तार के कारण जलयान में ईंधन समाप्त हो जाने के कारण ये भारत की आर्थिक अनन्य क्षेत्र में बहने लगा। औपचारिकताओं और अनुमति के बाद जलयान को सहायता पहुंचाई गई, ताकि वह अपने देश वापस लौट सके।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में जनरल ड्यूटी ऑफिसर्स के पद के लिए अट्ठारह जुलाई को सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अनुबंध के आधार पर होने वाली नियुक्ति के लिए साक्षात्कार स्वास्थ्य सचिव के कक्ष में दिन में ग्यारह बजे आरंभ होगी। उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों और इनकी प्रतिलिपि के साथ सुबह नौ बजे से प्रमाणपत्रों की जांच कराने के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर क्षेत्र में पिछले दिनों भारी वर्षा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए ज़िला प्रशासन की ओर से प्रभावितों को वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है। करीब तीन सौ पचासी लाभार्थियों में पन्द्रह लाख से अधिक की राशि प्रत्यक्ष लाभ स्थानांतरण के जरिए उनके खाते में डाला गया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बयालीस दशमलव छः मिलीमीटर, मायाबंदर में तेईस, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में अट्ठारह, कार निकोबार में चौदह और लांग आइलैंड में सात दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले कुछ दिनों तक के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि इक्कीस जुलाई तक बढ़ा दी गई है। सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

<><><><><><><>